# GOVERNMENT COLLEGE KHARKHARA


NSS SEVEN DAYS SPECIAL CAMP REPORT

DATE OF CAMP: 17-03-2026 TO 23-03-2026











दिनाक 17 मार्च 2026 को राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा की दोनों एनएसएस इकाइयों के विशेष सात दिवसीय कैंप का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ ज्योति यादव, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी, ने दीप प्रज्वलित कर किया। दीप प्रज्वलन के पश्चात स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती वंदना की । इसके पश्चात राजकीय महिला महाविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ सुनीता यादव के द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकों का राष्ट्र निर्माण में योगदान विषय पर व्याख्यान दिया गया। डॉ कविता यादव एनएसएस प्रभारी के द्वारा एनएसएस का उद्देश्य एवं एनएसएस कैंप के दौरान आयोजित की जाने वाली गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि डॉ ज्योति यादव द्वारा विद्यार्थियों को स्वास नियंत्रण द्वारा तनाव दूर करने के बारे में एक व्याख्यान दिया गया। डॉ ज्योति यादव ने स्वयंसेवकों को बताया एनएसएस के सिद्धांत को 'ना मैं, ना तुम, बल्कि हम' में बदलकर इस कैंप को एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाना है। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा पौधारोपण किया गया। स्वयंसेवकों ने कैंप स्थल पर साफ सफाई की।





इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर से डॉ अमित एवं डॉ धर्मवीर द्वारा योग ध्यान एवं स्वास्थ्य विषय पर स्वयंसेवकों के साथ चर्चा की गई। सभी स्वयंसेवकों के द्वारा योगासन प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया गया। विजेता स्वयंसेवकों को पुरस्कृत किया गया। संध्याकाल में स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के खेलों में भाग लिया ।






कोन बनेगा स्वास्थ्य रक्षक?
गवर्नमेंट कॉलेज खरखड़ा, रेवाड़ी ।
NSS Camp
छात्र-छात्राओं की उत्साहजनक भागीदारी


DAY- 2

दिनांक 18 मार्च 2026 को एनएसएस सात दिवसीय शिवर के दूसरे दिन सभी स्वयंसेवकों ने सुबह योगासन करने के पश्चात मिलकर स्वच्छता अभियान प्रारंभ कियासभी ने मिलकर अंबेडकर पार्क की सफाई की। श्री कमल कुमार यादव , रिटायर्ड फॉरेस्ट ऑफिसर, के द्वारा जलवायु परिवर्तन के बारे में बताया गया । "पेड़ लगाना आम बात है, पेड़ बचाना खास बात है " पर स्वयंसेवको द्वारा विचार विमर्श किया गया। सड़क सुरक्षा विषय पर वक्तव्य के बाद स्वयंसेवकों ने खरखड़ा गांव में रैली निकाली। रैली का समापन ग्राम सचिवालय में किया गया। कैनन इंडिया प्राईवेट लिमिटेड की तरफ से " एडॉप्ट ए विलेज" कार्यक्रम के तहत आयोजित "आई कैंप" में स्वयंसेवको द्वारा विशेष सहयोग किया गया। सभी ने कैंप मे अपनी नेत्र जांच करवाई एंड डॉक्टर अपूर्वा द्वारा बताई गई आंखों के देखभाल के नियमों को ध्यान से सुना। शाम को सामूहिक खेल कूद का आयोजन किया गया।








अकेड़ा, हरियाणा, भारत
5qx9+4gm, अकेड़ा, हरियाणा 123106, भारत
Lat 28.197667° Long 76.769108°
बुधवार, 18/03/2026 10:01 AM GMT +05:30
Google


खलिआवास, हरियाणा, भारत
5qx9+3rf, खलिआवास, हरियाणा 123106, भारत
Lat 28.197898° Long 76.769205°
बुधवार, 18/03/2026 11:41 AM GMT +05:30
Google


Akera, Haryana, India
5qx9+4gm, Akera, Haryana 123106, India
Lat 28.197825° Long 76.768943°
18/03/2026 12:56 PM GMT +05:30
Google


Service Scheme
to 23 March 2026
Khaliawas, Haryana, India
117, Government College Kharkhara, Kharkhada,
Khaliawas, Haryana 123106, India
Lat 28.199271° Long 76.768874°
18/03/2026 01:20 PM GMT +05:30
Google



Khaliawas, Haryana, India
117, Government College Kharkhara, Kharkhada, Khaliawas, Haryana 123106, India
Lat 28.199218° Long 76.768881°
18/03/2026 01:15 PM GMT +05:30
Google



Khaliawas, Haryana, India
117, Government College Kharkhara, Kharkhada, Khaliawas, Haryana 123106, India
Lat 28.199228° Long 76.768822°
18/03/2026 01:01 PM GMT +05:30
Google


Day-3


दिनांक 19 मार्च 2026 को कैंप के तीसरे दिन सभी विद्यार्थियों ने सुबह योगासन और सूर्य नमस्कार से कैंप की शुरुआत की। सभी ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया और कैंप के आसपास के स्थान की साफ सफाई की। राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर 18 रेवाड़ी से श्री सुनील तोबड़िया जी द्वारा नशा एवं इसके दुष्प्रभाव विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया गया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने खरखड़ा गांव में नशा मुक्ति के लिए रैली का आयोजन कर ग्राम वासियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। दोपहर में सभी स्वयंसेवकों ने श्रीमती सायोनारा, प्राध्यापक गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के द्वारा श्वसन स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर व्याख्यान सुना एवम् स्वसन तंत्र के लिए आवश्यक योगासनों का अभ्यास किया। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने निबंध लेखन प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में बीकॉम फाइनल से महेश ने प्रथम, बीएससी फाइनल से लक्ष्मी ने द्वितीय एवं बीकॉम फाइनल से शिवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संध्याकाल में सभी ने सामूहिक खेल गतिविधियों में भाग लिया।










Khaliawas, Haryana, India
5qx9+3rf, Khaliawas, Haryana 123106, India
Lat 28.197766° Long 76.769333°
Thursday, 19/03/2026 12:10 PM GMT +05:30
Google


Akera, Haryana, India
5qx9+4gm, Akera, Haryana 123106, India
Lat 28.197736° Long 76.769063°
Thursday, 19/03/2026 11:58 AM GMT +05:30
Google


Khaliawas, Haryana, India
5qx9+3rf, Khaliawas, Haryana 123106, India
Lat 28.197698° Long 76.76918°
Thursday, 19/03/2026 01:07 PM GMT +05:30
Google

VOLUNTEERS PRACTICING '**NUKKAD NATAK**'





**PRACTISE OF YOGASANA**




Day-4


एनएसएस कैंप में चौथे दिन सभी बच्चों ने योगासन से कैंप की शुरुआत की। इसके पश्चात सभी ने मिलकर महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया। District welfare office की तरफ से एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए छुआछूत विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिला समाज कल्याण विभाग, रेवाड़ी से श्री नरेंद्र दहिया जी व अनीत यादव जी ने स्वयंसेवकों से इस विषय पर विचार सुने एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता करवाई। भाषण प्रतियोगिता में मनवर ने प्रथम, आरुषि ने द्वितीय एवं धैर्य गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्री नरेंद्र दहिया जी ने स्वयंसेवकों को सरकार की तरफ से समाज कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही परीयोजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने स्वयं सेवकों से कहा युवा ही देश की रीड की हड्डी है एवं समाज में फैली हुई ऐसी बुराइयों को मिटाने में सक्षम है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से जागरूकता रैली का आयोजन किया। नशा मुक्ति पर आयोजित यह रैली महाविद्यालय से शुरू होकर खरखड़ा गांव में निकाली गई। सभी स्वयंसेवकों ने सामूहिक खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया इसके पश्चात कन्या भ्रूण हत्या विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता करवाई गई।

**CLEANLINESS DRIVE NEAR SEMINAR HALL IN THE COLLEGE**





# GLIMPSES OF THE SPEECH COMPETITION




## AWARENESS RALLY ON ROAD SAFETY












## Day-5

दिनांक 21 मार्च 2026 को कैंप के पांचवें दिन सभी स्वयंसेवकों ने प्रातकाल योग और व्यायाम से शुरुआत की। इसके पश्चात सभी ने एनएसएस का 'लक्ष्य गीत' एवं 'हम होंगे कामयाब' समूह गान गाया। इसके बाद स्वयंसेवकों के मध्य स्लोगन राइटिंग पोस्टर मेकिंग एवं ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गई। छात्र इकाई ने स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवक उज्ज्वल ने digital literacy विषय पर अपने विचार रखे। डॉक्टर भारत भूषण द्वारा आरटीआई एक्ट के बारे में विस्तार व्याख्यान आयोजित करवाया गया। डॉ भारत भूषण ने सभी स्वयंसेवकों को आरटीआई एक्ट के बारे में कार्यशाला आयोजित की। सभी स्वयंसेवकों ने प्रण लिया कि वह समाज के उत्थान एवं विकास के लिए इस कार्यशाला में सिखाए गए ज्ञान का उपयोग करेंगे। स्वयंसेविकाओं द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई। शाम को खो खो खेला गया।





**WORKSHOP BY DR. BHARAT BHUSHAN ON RIGHT TO INFORMATION ACT**



## SLOGAN AND POSTER BY THE VOLUNTEERS




## GREETING CARDS MADE BY THE VOLUNTEERS ON THE THEME OF NSS



Day-6

एनएसएस शिविर के छठे दिन दिनांक 22 मार्च 2026 को सभी स्वयंसेवकों ने प्रार्थना और एनएसएस गीत से कैंप की शुरुआत की। इसके पश्चात सभी स्वयंसेवक छोटे–छोटे समूह में ग्राम वासियों से विचार विमर्श करने उनके अनुभवों को सुनने एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के लिए ग्राम खरखड़ा में गए।

## MEETING WITH SENIOR CITIZENS AND DISCUSSING SCHEMES OF GOVERNMENT ALONG WITH DIGITAL LITERACY





Govt. College





GPS Map Camera
Kharkhada, Haryana, India
5qw9+pwp, Kharkhada, Haryana 123106, India
Lat 28.19666° Long 76.770176°
Sunday, 22/03/2026 09:43 AM GMT +05:30
Google


Govt. College Kharkhara, Rewari
National Service Scheme
7 Days NSS Special Camp
GPS Map Camera
Kharkhada, Haryana, India
5qw9+vwp, Kharkhada, Haryana 123106, India
Lat 28.19743° Long 76.770115°
Sunday, 22/03/2026 09:38 AM GMT +05:30
Google






इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों ने गांव के तालाब का निरीक्षण किया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर कविता यादव एवं श्री दीपक कुमार के साथ इसकी विशेषता एवं जरूरत पर गहन चर्चा की।







तत्पश्चात धारूहेड़ा एग्रो फार्म से आए हुए विशिष्ट अतिथि श्री यशपाल खोल जी, जो की एक विकसित किसान एवं प्राकृतिक खेती को नई दिशा देने वाले राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित युवा किसान हैं, के विस्तार व्याख्यान में प्राकृतिक खेती की जरूरत एवं स्वरूप पर व्याख्यान सुना। यशपाल जी ने स्वयंसेवकों को गृह वाटिका की स्थापना एवं रखरखाव के बारे में जानकारी दी।



Govt. College Kharkhara, Rewari
National Service Scheme
17 March 2026 to 23 March 2026
GPS Map Camera
Khaliawas, Haryana, India
5qx9+3rf, Khaliawas, Haryana 123106, India
Lat 28.19789° Long 76.769292°
22/03/2026 11:44 AM GMT +05:30
Google





इसके बाद सभी स्वयंसेवकों ने ग्राम खरखड़ा में पर्यावरण जागरूकता के लिए रैली निकाली। सभी स्वयंसेवकों ने धारूहेड़ा एग्रो फार्म्स में दौरा किया एवं प्राकृतिक खेती का स्वरूप देखकर स्वयं को कृत संकल्प किया कि वह भी इस प्रकार की पद्धति को अपने जीवन में अपनाएंगे। इसके पश्चात धारूहेड़ा थाना से SHO श्री कश्मीर जी के द्वारा सभी स्वयंसेवकों को रोड सेफ्टी, नशा मुक्ति एवम् cyber security के बारे में विस्तृत व्याख्यान दिया गया। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को हेलमेट की आवश्यकता एवं ट्रैफिक नियमों की आज के परिदृश्य में सभी के द्वारा पालन सुनिश्चित करवाने हेतु युवा शक्ति से सहयोग की अपेक्षा की। इसके पश्चात् सभी स्वयंसेवकों ने ' बेटी पढ़ाओ ,बेटी बचाओ' अभियान को सशक्त बनाने हेतु रैली का आयोजन किया।


धारूहेड़ा नेचूरल एग्रो फार्म, धारूहेड़ा
National Service Scheme




Govt. College Kharkhara, Rewari
National Service Scheme
7 Days NSS Special Camp
17 March 2026 to 23 March 2026
Theme:
Youth for My Bharat and Digital Literacy
Village - Kharkhara







Day-7

दिनांक 23.3.2026 को राजकीय महाविद्यालय खरखड़ा की NSS की दोनों यूनिट द्वारा लगाई जा रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप का समापन दिवस मुख्य अतिथि डॉक्टर मुकेश कुमार NSS कोऑर्डिनेटर आईजी मीरपुर के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ सुरेंद्र यादव रिटायर्ड प्रोफेसर व एडवोकेट एवं कॉलेज उप-प्राचार्य श्रीमती दयावती भी मौजूद रहे। सभी स्वयंसेवकों ने सूक्ष्म जलपान के बाद कॉलेज प्रांगण की सफाई की। दीप प्रज्वलन,सरस्वती वंदना एवं एनएसएस गीत से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात डॉक्टर सुरेंद्र यादव ने सभी स्वयंसेवकों को POSH एक्ट के ऊपर विस्तृत व्याख्यान दिया. डॉ मुकेश कुमार ने सभी स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। कॉलेज उपप्राचार्य श्रीमती दयावती ने मुख्य अतिथि डॉ मुकेश कुमार एवं वक्ता डॉ सुरेंद्र यादव का अभिवादन किया I इसके पश्चात सभी स्वयंसेवकों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। एनएसएस प्रभारी डॉक्टर कविता यादव एवं श्री दीपक कुमार ने बाहर से आए मुख्य अतिथि, वक्ता, कॉलेज उपप्राचार्य एवं सभी स्वयंसेवक को इस कैंप को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।










N.S.S P.O's

1. Mr. DEEPAK KUMAR Deepak Kumar
(Boys Unit)

2. Dr. Kavita Yadav
(Girls Unit)

PRINCIPAL